प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

24 अक्तूबर 2021

भारतीय रिज़र्व बैंक ने उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के नवंबर 2021 दौर की शुरुआत की

भारतीय रिज़र्व बैंक नियमित रूप से उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण (सीसीएस) करा रहा है। अब इस सर्वेक्षण के नवंबर 2021 की शुरुआत हो रही है। इस सर्वेक्षण में परिवारों से सामान्य आर्थिक परिस्थितियों, रोज़गार परिदृश्य, मूल्य स्तर, परिवारों की आय और व्यय पर उनके मनोभाव के संबंध में गुणात्मक प्रतिक्रिया ली जाती है। यह सर्वेक्षण नियमित रूप से 13 नगरों अर्थात् अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पटना और तिरुवनंतपुरम में कराया जाता है। इस सर्वेक्षण में 13 शहरों के लगभग 5,400 प्रतिक्रियादाताओं को शामिल किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के परिणाम नीति-निर्माण के लिए उपयोगी सूचना उपलब्ध कराते हैं।

मेसर्स हंसा रिसर्च ग्रुप प्रा. लिमिटेड, मुंबई नामक एजेंसी को भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से सर्वेक्षण के इस दौर को, करने का कार्य सौंपा गया है। इस प्रयोजन से उक्त एजेंसी परिवारों से संपर्क करेगी तथा चयनित परिवारों से अपनी प्रतिक्रिया देने का अनुरोध किया जाता है। अन्य ऐसे व्यक्ति, जिनसे एजेंसी ने संपर्क नहीं किया हो, भी इस सर्वेक्षण दौर में भाग ले सकते हैं और लिंक की हुई सर्वेक्षण सूची का प्रयोग करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। सर्वेक्षण सूची को भरकर निम्नलिखित ई-मेल पते पर भेजा जा सकता है। यदि इस संबंध में कोई प्रश्न/स्पष्टीकरण हो तो कृपया निम्नलिखित पते पर संपर्क करें :

निदेशक,
घरेलू सर्वेक्षण प्रभाग,
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग,
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सी-8, दूसरी मंजिल,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई – 400 051;
फोन : 022-2657 8398, 022-2657 8332,
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी: **2021-2022/1089**